Series CD1BA/3 | SET~2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **430/3/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गणित (बुनियादी)
# MATHEMATICS (BASIC)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 38 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड-क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।*

*(iii)* *खण्ड – **क** में प्रश्न संख्या 1 से 18 तक बहुविकल्पीय तथा प्रश्न संख्या 19 एवं 20 अभिकथन एवं तर्क आधारित 1 अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *खण्ड – **ख** में प्रश्न संख्या 21 से 25 तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के 2 अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* *खण्ड – **ग** में प्रश्न संख्या 26 से 31 तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के 3 अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *खण्ड – **घ** में प्रश्न संख्या 32 से 35 तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के 5 अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *खण्ड – **ङ** में प्रश्न संख्या 36 से 38 प्रकरण अध्ययन आधारित 4 अंकों के प्रश्न हैं । आंतरिक विकल्प 2 अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड – **ख** के 2 प्रश्नों में, खण्ड – **ग** के 2 प्रश्नों में, खण्ड – **घ** के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड-**ङ** के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाएँ । यदि आवश्यक हो तो* $\pi = \frac{22}{7}$ *लें ।*

*(x)* *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## General Instructions :

**Read the following instructions very carefully and follow them :**

(i) *This question paper contains **38** questions. **All** questions are compulsory.*

(ii) *Question Paper is divided into **5** Sections – **Section A, B, C, D** and **E**.*

(iii) *In Section–**A** question number **1** to **18** are Multiple Choice Questions (MCQs) and question number **19** & **20** are Assertion-Reason based questions of 1 mark each.*

(iv) *In Section–**B** question number **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions of **2** marks each.*

(v) *In Section–**C** question number **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions carrying **3** marks each.*

(vi) *In Section–**D** question number **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

(vii) *In Section–**E** question number **36** to **38** are Case Study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks question in each case-study.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions in Section **B**, **2** questions in Section **C**, **2** questions in Section **D** and **3** questions in Section **E**.*

(ix) *Draw neat figures wherever required. Take $\pi = 22/7$ wherever required if not stated.*

(x) *Use of calculators is **NOT** allowed.*

## खण्ड – क $\qquad 20 \times 1 = 20$

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)


प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।

1. एक पासा एक बार उछाला गया । इस पर 6 से कम संख्या के आने की प्रायिकता है : **1**

(A) 0 (B) $\frac{5}{6}$

(C) $\frac{1}{6}$ (D) 1


2. दी गई आकृति में, बहुपद f($x$) का आलेख दर्शाया गया है । बहुपद f($x$) के शून्यकों की संख्या है : **1**




(A) 3 (B) 1

(C) 0 (D) 2

3. दी गई आकृति में, केंद्र O वाले दो संकेन्द्रीय वृत्त दर्शाए गए हैं जिनकी त्रिज्याएँ 5 cm तथा 3 cm हैं । OAB बड़े वृत्त का त्रिज्य खण्ड है जिसका केंद्रीय कोण 60° है तथा OCD छोटे वृत्त का त्रिज्य खण्ड है । छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल है : **1**




(A) $\frac{7\pi}{2}$ cm$^2$ (B) $\frac{8\pi}{3}$ cm$^2$

(C) $\frac{25\pi}{6}$ cm$^2$ (D) $\frac{3\pi}{2}$ cm$^2$

## Section – A $\qquad 20 \times 1 = 20$

### (Multiple Choice Questions)


Q. No. **1** to **20** are Multiple Choice Questions of **1** mark each.

1. A die is thrown once. The probability of getting a number less than 6, is : **1**

(A) 0 $\qquad$ (B) $\frac{5}{6}$

(C) $\frac{1}{6}$ $\qquad$ (D) 1


2. In the given figure, graph of a polynomial f($x$) is shown. The number of zeroes of polynomial f($x$) is **1**




(A) 3 $\qquad$ (B) 1

(C) 0 $\qquad$ (D) 2

3. In the given figure, two concentric circles of radii 5 cm and 3 cm have their centre O. OAB is a sector of outer circle making an angle of 60° at the centre while OCD is the sector of smaller circle. The area of the shaded region is : **1**




(A) $\frac{7\pi}{2}$ cm$^2$ $\qquad$ (B) $\frac{8\pi}{3}$ cm$^2$

(C) $\frac{25\pi}{6}$ cm$^2$ $\qquad$ (D) $\frac{3\pi}{2}$ cm$^2$

4. यदि $\sin A = \frac{1}{2}$ है, तो $\cot A$ का मान है : **1**

(A) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (B) 1

(C) $\sqrt{3}$ (D) $\frac{2}{\sqrt{3}}$

5. भुजा 14 cm वाले एक ठोस घन में से अधिकतम व्यास का एक गोला काटकर निकाला गया । गोले की त्रिज्या है : **1**

(A) 7 cm (B) 14 cm


(C) $\frac{7}{2}$ cm (D) $\sqrt{14}$ cm

6. समांतर श्रेढ़ी –3, –7, –11, ..... का 30वाँ पद है : **1**

(A) 113 (B) –117

(C) –119 (D) –120

7. दी गई आकृति में, एक वृत्त पर बाह्य बिंदु P से खींची गई स्पर्श-रेखाएँ PA तथा PB परस्पर 80° के कोण पर झुकी हुई हैं । $\angle PAB$ का माप है : **1**




(A) 80° (B) 60°

(C) 50° (D) 40°

8. एक द्विघात बहुपद, जिसके शून्यक –8 तथा 3 हैं, है : **1**

(A) $(x + 8)(x + 3)$ (B) $x^2 + 5x + 24$

(C) $(x - 8)(x - 3)$ (D) $x^2 + 5x - 24$

4. If $\sin A = \frac{1}{2}$, then cot A is equal to **1**

(A) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (B) 1

(C) $\sqrt{3}$ (D) $\frac{2}{\sqrt{3}}$

5. From a solid cube of side 14 cm, a sphere of maximum diameter is carved out. The radius of sphere is : **1**

(A) 7 cm (B) 14 cm


(C) $\frac{7}{2}$ cm (D) $\sqrt{14}$ cm

6. The $30^{th}$ term of the A.P. –3, –7, –11, ..... is : **1**

(A) 113 (B) –117

(C) –119 (D) –120

7. In the given figure, tangents PA and PB drawn from P to circle are inclined to each other at an angle of 80°. The measure of ∠PAB is **1**




(A) 80° (B) 60°

(C) 50° (D) 40°

8. A quadratic polynomial whose zeroes are –8 and 3, is **1**


(A) $(x + 8)(x + 3)$ (B) $x^2 + 5x + 24$

(C) $(x - 8)(x - 3)$ (D) $x^2 + 5x - 24$

9. रैखिक समीकरणों $x = a$ तथा $y = b$ $(a \neq b)$ द्वारा निरूपित रेखाएँ **1**

(A) (a, b) पर प्रतिच्छेदी हैं ।
(B) (b, a) पर प्रतिच्छेदी हैं ।
(C) समांतर हैं ।
(D) संपाती हैं ।

10. यदि दी गई आकृति में, DE || BC है । यदि AD = 2.8 cm, DB = 2.1 cm तथा EC = 4.8 cm है, तो $x$ का मान है : **1**




(A) 3.6 cm
(B) 2.4 cm
(C) 6.4 cm
(D) 4.8 cm

11. यदि किन्हीं आँकड़ों का माध्य तथा माध्यक क्रमश: 10 तथा 11 हैं, तो इन आँकड़ों का बहुलक है : **1**

(A) 12
(B) 8
(C) 20
(D) 13

12. दो निष्पक्ष सिक्कों को एक साथ उछाला गया । 2 चित आने की प्रायिकता है : **1**

(A) $\frac{1}{2}$
(B) $\frac{3}{4}$
(C) $\frac{1}{4}$
(D) $\frac{3}{8}$

13. k का/के वे मान जिनके लिए द्विघात समीकरण $5x^2 - 9kx + 5 = 0$ के मूल वास्तविक और समान है, हैं : **1**


(A) $\frac{-10}{9}$
(B) $\pm \frac{9}{10}$
(C) $\frac{10}{9}$
(D) $\pm \frac{10}{9}$

9. The lines represented by linear equations $x = a$ and $y = b$ $(a \neq b)$ are **1**

(A) intersecting at (a, b). (B) intersecting at (b, a).

(C) parallel. (D) coincident.

10. If in the given figure, DE ∥ BC. If AD = 2.8 cm, DB = 2.1 cm and EC = 4.8 cm, then the value of $x$ is : **1**




(A) 3.6 cm (B) 2.4 cm

(C) 6.4 cm (D) 4.8 cm

11. If the mean and median of a data are 10 and 11 respectively, then mode of the data is : **1**

(A) 12 (B) 8

(C) 20 (D) 13

12. Two fair coins are tossed together. The probability of getting 2 heads, is : **1**

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{3}{4}$

(C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{3}{8}$

13. The value(s) of k for which the quadratic equation $5x^2 - 9kx + 5 = 0$ has real and equal roots, is/are : **1**

(A) $\frac{-10}{9}$ (B) $\pm \frac{9}{10}$

(C) $\frac{10}{9}$ (D) $\pm \frac{10}{9}$

14. बिंदुओं A(5, – 4) तथा B(4, – 5) के बीच की दूरी है : **1**

(A) $\sqrt{2}$ इकाई (B) 2 इकाई

(C) 1 इकाई (D) $9\sqrt{2}$ इकाई

15. एक समकोण त्रिभुज ABC, जिसमें $\angle A = 90^\circ$ तथा AB = AC है, में sin C का मान है : **1**

(A) 0 (B) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

16. यदि किसी बंटन के लिए $\sum_{1}^{n} f_i x_i = 132 + 5p$ तथा $\sum_{1}^{n} f_i = 20$ है तथा बंटन का माध्य 8.1 है, तो p का मान है : **1**

(A) 3 (B) 6

(C) 4 (D) 5

17. एक बाह्य बिंदु P से वृत्त पर एक स्पर्श-रेखा PA खींची गई । P से स्पर्श-रेखा PA के समांतर खींची जा सकने वाली स्पर्श-रेखाओं की संख्या है : **1**

(A) 2 (B) 2 से अधिक

(C) 1 (D) 0

18. यदि एक गोले का आयतन $\frac{11}{21}$ $cm^3$ है, तो इसकी त्रिज्या है : **1**

(A) 2 cm (B) 4 cm

(C) $\frac{1}{2}$ cm (D) $\frac{1}{4}$ cm

14. The distance between the points A(5, –4) and B(4, –5) is **1**

(A) $\sqrt{2}$ units (B) 2 units

(C) 1 unit (D) $9\sqrt{2}$ units

15. In a right-angled triangle ABC, $\angle A = 90^\circ$ and AB = AC. The value of sin C is : **1**

(A) 0 (B) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

16. If for a distribution, $\sum_{1}^{n} f_i x_i = 132 + 5p$, $\sum_{1}^{n} f_i = 20$ and the mean of the distribution is 8.1, then the value of p is : **1**

(A) 3 (B) 6

(C) 4 (D) 5

17. From an external point P, a tangent PA is drawn to a circle. The number of tangents through P parallel to PA is : **1**

(A) 2 (B) more than 2

(C) 1 (D) 0

18. If the volume of a sphere is $\frac{11}{21}$ cm$^3$, then the radius of the sphere is : **1**

(A) 2 cm (B) 4 cm

(C) $\frac{1}{2}$ cm (D) $\frac{1}{4}$ cm

### (अभिकथन – तर्क आधारित)

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **19** तथा **20** में एक अभिकथन (A) के बाद एक तर्क (R) दिया है । निम्न विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सत्य हैं । तर्क (R), अभिकथन (A) की पूरी व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सत्य हैं । तर्क (R), अभिकथन (A) की पूरी व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु तर्क (R) सत्य नहीं है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, जबकि तर्क (R) सत्य है ।

19. **अभिकथन (A) :** $\sqrt{2}\,(5 - \sqrt{2})$ एक अपरिमेय संख्या है । **1**

**तर्क (R) :** दो अपरिमेय संख्याओं का गुणनफल सदैव एक अपरिमेय संख्या होती है ।

20. **अभिकथन (A) :** बिंदु $P(a, b)$ की मूल बिंदु से दूरी $a^2 + b^2$ है । **1**

**तर्क (R) :** दो बिंदुओं $A(x_1, y_1)$ तथा $B(x_2, y_2)$ के बीच की दूरी $\sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$ होती है ।

### खण्ड – ख

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

21. (a) सिद्ध कीजिए कि $-7 - 2\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है, जबकि दिया है कि $\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है । **2**

**अथवा**

(b) व्याख्या कीजिए कि $(7 \times 11 \times 13 + 2 \times 11)$ एक अभाज्य संख्या क्यों नहीं है । **2**

22. 1 से 80 तक की संख्याओं से अंकित 80 कार्डों में से एक कार्ड यादृच्छया निकाला गया । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि निकाले गए कार्ड पर अंकित संख्या 8 से विभाजित नहीं है । **2**

### (Assertion – Reason based questions)

**Directions :** In question numbers **19** and **20**, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true. Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true. Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. **Assertion (A) :** $\sqrt{2}\,(5 - \sqrt{2})$ is an irrational number. **1**

**Reason (R) :** Product of two irrational numbers is always irrational.

20. **Assertion (A) :** The distance of P(a, b) from origin is $a^2 + b^2$. **1**

**Reason (R) :** The distance between two points $A(x_1, y_1)$ and $B(x_2, y_2)$ is $\sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$.

## Section – B

### (Very Short Answer Type Questions)

Q. No. **21** to **25** are Very Short Answer type questions of **2** marks each.

21. (a) Prove that $-7 - 2\sqrt{3}$ is an irrational number, given that $\sqrt{3}$ is an irrational number. **2**

**OR**

(b) Explain why $(7 \times 11 \times 13 + 2 \times 11)$ is not a prime number. **2**

22. There are 80 cards numbered from 1 to 80. One card is drawn at random from them. Find the probability that the number on the selected card is not divisible by 8. **2**

23. एक ऐसा बिंदु ज्ञात कीजिए जो बिंदुओं $A(-1, 5)$ तथा $B(2, 1)$ से समान दूरी पर है । ऐसे कितने बिंदु सम्भव हैं ? **2**

24. (a) यदि बिंदु $Q(0, 2)$, बिंदुओं $P(5, -3)$ तथा $R(x, 7)$ से समान दूरी पर है, तो $x$ का/के मान ज्ञात कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) यदि $A(1, 1)$ तथा $B(7, 9)$ वृत्त के किसी व्यास के सिरे हैं, तो वृत्त के केंद्र के निर्देशांक ज्ञात कीजिए । **2**

25. मान ज्ञात कीजिए : $3 \sec^2 30^\circ \operatorname{cosec} 30^\circ + \tan^2 60^\circ \tan^2 45^\circ$ **2**


## खण्ड – ग

## (लघु–उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं ।

26. बहुपद $2x^2 + 3x - 9$ के शून्यक ज्ञात कीजिए तथा शून्यकों और बहुपद के गुणांकों के बीच के संबंध को सत्यापित कीजिए । **3**

27. दी गई आकृति में, $\angle ABC = \angle ACB$ हैं, तथा $\frac{BC}{BE} = \frac{BD}{AC}$ है । **3**




दर्शाइए कि $\Delta ABE \sim \Delta DBC$ तथा $AE \parallel DC$.

23. Find a point which is equidistant from the points A(–1, 5) and B(2, 1). How many such points are there ? **2**

24. (a) If Q(0, 2) is equidistant from P(5, –3) and R($x$, 7), find the value(s) of $x$. **2**

**OR**

(b) If A(1, 1) and B(7, 9) are the end points of a diameter of a circle, then find the co-ordinates of the centre of the circle. **2**

25. Evaluate : $3 \sec^2 30^\circ \operatorname{cosec} 30^\circ + \tan^2 60^\circ \cdot \tan^2 45^\circ$ **2**


## Section – C

### (Short Answer Type Questions)

Q. No. **26** to **31** are Short Answer type questions of **3** marks each.

26. Find the zeroes of the polynomial $2x^2 + 3x - 9$ and verify the relationship between the zeroes and the co-efficients of polynomial. **3**

27. In the given figure, $\angle ABC = \angle ACB$ and $\frac{BC}{BE} = \frac{BD}{AC}$. **3**




Show that $\Delta ABE \sim \Delta DBC$ and $AE \parallel DC$.

28. एक समकोण त्रिभुज की ऊँचाई इसके आधार से 7 cm कम है । यदि इसका कर्ण 17 cm लंबा है, तो **3**

(a) उपरोक्त आँकड़ों को एक द्विघात समीकरण से निरूपित कीजिए ।

(b) त्रिभुज की भुजाओं की लंबाइयाँ ज्ञात कीजिए ।

29. अभाज्य गुणनखण्डन विधि से, 96 तथा 404 का म.स. (HCF) तथा ल.स. (LCM) ज्ञात कीजिए । **3**

30. (a) सिद्ध कीजिए : $(\sin\theta + \operatorname{cosec}\theta)^2 + (\cos\theta + \sec\theta)^2 = 7 + \tan^2\theta + \cot^2\theta$. **3**

**अथवा**

(b) यदि $\cos A = \frac{5}{13}$ है, तो सत्यापित कीजिए कि : **3**

$$\frac{\cos A}{1-\tan A} + \frac{\sin A}{1-\cot A} = \cos A + \sin A.$$

31. (a) एक बर्तन एक खोखले अर्धगोले पर अध्यारोपित एक खोखले बेलन के आकार का है । अर्धगोले का व्यास 14 cm है तथा बर्तन की कुल ऊँचाई 13 cm है । इस बर्तन का आंतरिक पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) एक ठोस खिलौना, एक अर्धगोले पर अध्यारोपित एक लंब-वृत्तीय शंकु के आकार का है । शंकु की ऊँचाई 2 cm है तथा इसके आधार का व्यास 4 cm है । खिलौने का आयतन ज्ञात कीजिए । **3**

## खण्ड – घ

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय वाले प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **5** अंक हैं ।

32. (a) ग्राफीय विधि से, निम्न समीकरण युग्म का हल ज्ञात कीजिए : **5**

$x + 2y = 8$ तथा $3x - 2y = 12$

**अथवा**

(b) एक 2-अंकों की संख्या के अंकों का योग 9 है । इस संख्या का नौ-गुना, इस संख्या की अंकों का स्थान पलटने पर बनी संख्या के दो गुने के समान है । संख्या ज्ञात कीजिए । **5**

33. समुद्र तल से 10 m ऊँचे एक जहाज के डेक से एक आदमी एक पहाड़ी के शिखर का उन्नयन कोण $60^\circ$ पाता है तथा पहाड़ी के तल का अवनमन कोण $30^\circ$ देखता है । पहाड़ी की जहाज से दूरी तथा पहाड़ी की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । ($\sqrt{3} = 1.73$ लीजिए) **5**

28. The altitude of a right-angled triangle is 7 cm less than its base. If its hypotenuse is 17 cm long, then **3**

(a) represent the above information in the form of a quadratic equation;

(b) find the length of the sides of the triangle.

29. Find the HCF and LCM of 96 and 404, using prime-factorisation method. **3**

30. (a) Prove that $(\sin\theta + \text{cosec}\,\theta)^2 + (\cos\theta + \sec\theta)^2 = 7 + \tan^2\theta + \cot^2\theta$. **3**

**OR**

(b) If $\cos A = \frac{5}{13}$, then verify that $\frac{\cos A}{1 - \tan A} + \frac{\sin A}{1 - \cot A} = \cos A + \sin A$. **3**

31. (a) A vessel is in the form of a hollow hemisphere surmounted by a hollow cylinder. The diameter of the hemisphere is 14 cm and the total height of the vessel is 13 cm. Find the inner surface area of the vessel. **3**

**OR**

(b) A solid toy is in the form of a hemisphere surmounted by a right circular cone. The height of the cone is 2 cm and the diameter of the base is 4 cm. Determine the volume of the toy. **3**

## Section – D

## (Long Answer Type Questions)

Q. No. **32** to **35** are Long Answer type questions of **5** marks each.

32. (a) Using graphical method, solve the following pair of equations : **5**


$x + 2y = 8$ and $3x - 2y = 12$

**OR**

(b) The sum of the digits of a 2-digit number is 9. Also, nine times this number is twice the number obtained by reversing the order of the digits. Find the number. **5**

33. A man standing on the deck of a ship, which is 10 m above water level, observes the angle of elevation of the top of a hill as 60° and the angle of depression of the base of the hill as 30°. Find the distance of the hill from the ship and the height of the hill. (Take $\sqrt{3} = 1.73$) **5**

34\. (a) दी गई आकृति में 5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की एक जीवा AB की लंबाई 6 cm है । A तथा B पर खींची गई स्पर्श-रेखाएँ बिंदु P पर मिलती हैं । PB की लंबाई ज्ञात कीजिए । **5**




**अथवा**

(b) सिद्ध कीजिए कि वृत्त के परिगत खींची गई समांतरचतुर्भुज एक समचतुर्भुज होती है । इस समचतुर्भुज का क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए, जबकि वृत्त की त्रिज्या 3 cm है तथा समचतुर्भुज की एक भुजा 10 cm लंबी है । **5**

35\. निम्न बंटन का माध्य तथा माध्यक ज्ञात कीजिए : **5**

| वर्ग | 0 – 20 | 20 – 40 | 40 – 60 | 60 – 80 | 80 – 100 | 100 – 120 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **बारंबारता** | 5 | 8 | 10 | 12 | 7 | 8 |


## खण्ड – ङ

### (प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न)


प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **4** अक हैं ।

36\. दी गई आकृति में, एक बंद किया जा सकने वाला मेज दर्शाया गया है :





34. (a) In the given figure, AB is chord of length 6 cm of a circle of radius 5 cm. The tangents at A and B intersect at a point P. Find the length of PB. **5**




**OR**

(b) Prove that the parallelogram circumscribing a circle is a rhombus. Also, find area of the rhombus, if radius of circle is 3 cm and length of one side of the rhombus is 10 cm. **5**

35. Find the mean and median of the following distribution : **5**

| **Class** | 0 – 20 | 20 – 40 | 40 – 60 | 60 – 80 | 80 – 100 | 100 – 120 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Frequency** | 5 | 8 | 10 | 12 | 7 | 8 |


## Section – E

## (Case Study based Questions)

Q. No. **36** to **38** are Case Study based questions of **4** marks each.

36. In the figure given below, a folding table is shown :





मेज के पैर रेखा खण्ड AB तथा CD द्वारा निरूपित हैं जो O पर मिलते हैं । AC तथा BD को मिलाएँ । यह मानते हुए कि मेज का ऊपरी भाग भूमि के समांतर है तथा $OB = x$, $OD = x + 3$, $OC = 3x + 19$ तथा $OA = 3x + 4$ है, तो निम्न के उत्तर दीजिए :

(i) सिद्ध कीजिए कि $\Delta OAC \sim \Delta OBD$. **1**


(ii) सिद्ध कीजिए कि $\frac{OA}{AC} = \frac{OB}{BD}$. **1**

(iii) (a) आकृति के अवलोकन से, $x$ का मान ज्ञात कीजिए । अत: OC की लंबाई ज्ञात कीजिए । **2**

**अथवा**

(iii) (b) आकृति के अवलोकन से, $\frac{BD}{AC}$ ज्ञात कीजिए । **2**

37. एक प्रतियोगी-परीक्षा की तैयारी करते समय, अकबर के सामने एक माचिस की तीलियों के पैटर्न पर आधारित प्रश्न आया । वह पैटर्न नीचे दिया है :



**आकृति (1)** **आकृति (2)** **आकृति (3)**

उपरोक्त के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) आकृति में वर्गों की संख्या द्वारा बनी समांतर श्रेढ़ी का प्रथम पद तथा सार्व अंतर लिखिए । **1**

(ii) माचिस की तीलियों की संख्या द्वारा बनने वाली समांतर श्रेढ़ी का प्रथम पद तथा सार्व अंतर लिखिए । **1**

(iii) (a) इसी प्रकार की आकृति (10) में कितने वर्ग हैं ? आकृति (10) में प्रयोग माचिस की तीलियों की संख्या भी लिखिए । **2**

**अथवा**

(iii) (b) यदि mवीं आकृति (आकृति (m)) में 88 तीलियों का प्रयोग हुआ है, तो m का मान ज्ञात कीजिए । इस आकृति में कितने वर्ग बनते हैं ? **2**

The legs of the table are represented by line segments AB and CD intersecting at O. Join AC and BD.

Considering table top is parallel to the ground, and OB = $x$, OD = $x + 3$, OC = $3x + 19$ and OA = $3x + 4$, answer the following questions :

(i) Prove that $\Delta$ OAC is similar to $\Delta$OBD. **1**

(ii) Prove that $\frac{OA}{AC} = \frac{OB}{BD}$. **1**

(iii) (a) Observe the figure and find the value of $x$. Hence, find the length of OC. **2**

**OR**

(iii) (b) Observe the figure and find $\frac{BD}{AC}$. **2**

37. While preparing for a competitive examination, Akbar came across a match-stick pattern based question. The pattern is given below :




**Fig. (1)** **Fig. (2)** **Fig. (3)**

Based on the above information, answer the following questions :

(i) Write first term and common difference of the A.P. formed by number of squares in each figure. **1**


(ii) Write first term and common difference of the A.P. formed by number of sticks used in each figure. **1**

(iii) (a) How many squares are there in Fig. (10) ? Also, write the number of sticks used in Fig. (10). **2**

**OR**

(iii) (b) If 88 sticks are used to make m$^{th}$ figure (Fig. (m)), find the value of m. How many squares are formed in this figure ? **2**

38. एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) का उद्देश्य छात्रों को समुदाय से जोड़ना और उन्हें समस्या समाधान प्रक्रिया में शामिल करना है। एन.एस.एस. का प्रतीक उड़ीसा में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर के रथ चक्र पर आधारित है, पहिया जीवन के प्रगति चक्र का प्रतीक है। प्रतीक का आरेखिक चित्र नीचे दिया गया है :




ऊपर दी गई आकृति का अवलोकन कीजिए। अन्त: वृत्त के व्यास समान रूप से रखे गए हैं। दिया है कि OP = 21 cm तथा OS = 10 cm है, तो

ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(i) m$\angle$ROS ज्ञात कीजिए। **1**

(ii) त्रिज्य खण्ड OPQ का परिमाप ज्ञात कीजिए। **1**

(iii) (a) छायांकित क्षेत्र PQRS का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **2**

**अथवा**


(iii) (b) छायांकित क्षेत्र ACB (वृत्त खण्ड ACB) का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **2**

---

38. NSS (National Service Scheme) aims to connect the students to the community and to involve them in problem solving process.

NSS symbol is based on the 'Rath' wheel of the Konark Sun Temple situated in Odisha. The wheel signifies the progress cycle of life.

The diagramatic representation of the symbol is given below :




Observe the figure given above. The diameters of inner circle are equally placed. Given that OP = 21 cm, OS = 10 cm.

Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find m∠ROS. **1**

(ii) Find the perimeter of sector OPQ. **1**

(iii) (a) Find the area of shaded region PQRS. **2**

**OR**

(iii) (b) Find the area of shaded region ACB i.e. the segment ACB. **2**

---